**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, संगम प्लेस, चतुर्थ तल, सिविल लाइन्स, प्रयागराज।**

पत्रांक – 2681 /ते0प0/बिक्री/2021 / दिनांक 10.02.2022

सेवा में,

मे0 आर0डी0,
एडवरटाइजिंग प्रा0 लि0,
257, चक जीरो रोड–प्रयागराज।

विषय– **तेन्दू पत्ता बिक्री सम्बन्धी सूचना का प्रकाशन।**

महोदय,

कृपया निम्नलिखित सूचना को निम्न लिखित समाचार पत्रों में दिनांक–11.02.2022 को कम से कम स्थान में केवल एक बार प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशन के उपरान्त विज्ञापन बिल सरकारी विभागों हेतु निर्धारित न्यूनतम दरों पर तैयार कर प्रकाशित सामग्री की प्रति सहित दो प्रतियों में इस कार्यालय को भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।–

1. दैनिक जागरण, प्रयागराज, वाराणसी एवं झाँसी संस्करण।
2. हिन्दुस्तान, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी एवं लखनऊ संस्करण।
3. दैनिक भाष्कर, रायपुर एवं जबलपुर।
4. अमर उजाला, बरेली एवं मुरादाबाद।
5. दैनिक आज, पटना एवं राँची।
6. आजकल, कोलकाता।
7. टाईम्स आफ इंडिया, लखनऊ, कानपुर, भोपाल, पटना, राँची एवं कोलकाता संस्करण।
8. दि हिन्दू दैनिक समाचार पत्र, हैदराबाद।

**उत्तर प्रदेश वन निगम, संगम प्लेस, चतुर्थ तल, सिविल लाईन्स, प्रयागराज**
**दूरभाष एवं फैक्स – +91532–2427536**
**तेन्दू पत्ता बिक्री हेतु निविदा सूचना – निविदा तिथि 25.02.2022**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021 सीजन में संग्रहीत तेन्दू पत्ता की अवशेष लाटों की बिक्री हेतु दिनाँक **25.02.2022** को निविदाएं प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक/लौगिंग अधिकारी, मिर्जापुर, प्रयागराज, कर्वी एवं प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक/विक्रय अधिकारी, दुद्धी, वाराणसी, झाँसी एवं नजीबाबाद (सहारनपुर) के कार्यालयों में अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उन्हीं कार्यालयों में उक्त तिथि **25.02.2022** को ही अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। किसी भी प्रभाग की किसी भी लाट की निविदा उक्त किसी भी कार्यालय में **निविदा पेटी में अथवा रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से** दी जा सकती है, परन्तु निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

पूर्व की अवशेष लाटों (वर्ष 2020 व 2018 तक की सी–1 स्टाक की) की बिक्री हेतु उक्त निविदा केन्द्रों पर उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदायें अलग निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। **पुरानी लाटों हेतु निविदा अलग निविदा प्रपत्र में दी जाय एवं ऐसी लाटों हेतु बन्धक धनराशि भी अलग से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जाय तथा निविदा अलग निविदा बाक्स में डाली जायेगी।**

वर्ष 2021 सीजन की अवशेष लाटों के साथ निविदा प्रपत्र में पुरानी लाटों हेतु निविदा एवं बन्धक धनराशि के ड्राफ्ट कदापि सम्मिलित नहीं की जायेगी।

उक्त निविदा से सम्बन्धित बिक्री सूची व बिक्री शर्तें एवं निविदा प्रपत्र क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज, लखनऊ क्षेत्र, लखनऊ अथवा उनके अधीन प्रभागीय विक्रय प्रबन्धकों/विक्रय अधिकारियों के कार्यालय से दिनाँक **18.02.2022** से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा सूचना, बिक्री सूची व बिक्री शर्तें एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश वन निगम की वेबसाईट **www.upforestcorporation.co.in** पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक निविदादाता वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा प्रपत्र का उपयोग कर सकते हैं, परन्तु इसके लिये उन्हें अपने **निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ पचास रूपये (रू0 150.00) मात्र का निविदा प्रपत्र शुल्क, जो नकद जमा रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम, प्रयागराज/इलाहाबाद के पक्ष में हो तथा प्रयागराज/इलाहाबाद पर देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

**क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रयागराज**

भवदीय

(ए0 पी0 सिन्हा)
मुख्य वन संरक्षक/क्षेत्रीय प्रबन्धक

पत्रांक– 2681 /ते०प०/बिक्री/2021/दिनांक 10.02.2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ को उनके कार्यालय के पत्रांक ते०प०—9724/ते०प० बिक्री वर्ष 2021, दिनांक 10.02.2022 के क्रम में।
2. अपर प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ।
3. मुख्य वन संरक्षक, प्रयागराज, मीरजापुर, कानपुर, बुन्देलखण्ड झाँसी व बरेली।
4. महाप्रबन्धक (तेन्दूपत्ता) उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ।
5. महाप्रबन्धक, विपणन/उत्पादन/पूर्वी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ/ प्रयागराज।
6. वन संरक्षक, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, झाँसी एवं चित्रकूट।
7. क्षेत्रीय प्रबन्धक, लखनऊ क्षेत्र, उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ।
8. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
9. जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणसी, चित्रकूट, झाँसी, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, जौनपुर, रायबरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं ज्योतिबा फुले नगर।
10. प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, मीरजापुर, ओबरा, रेनुकूट, सोनभद्र, कैमूर वन्य जीव, भदोही, काशी वन्य जीव रामनगर–वाराणसी, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाँदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, झाँसी, ललितपुर व उरई (जालौन), रायबरेली, अमेठी।
11. समस्त प्रभागीय लौगिंग/विक्रय प्रबन्धक, लौगिंग अधिकारी/विक्रय अधिकारी, उत्तर प्रदेश वन निगम, प्रयागराज एवं झाँसी क्षेत्र।
12. प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम, नजीवाबाद (सहारनपुर)।
13. विक्रय अधिकारी (सिस्टम), उत्तर प्रदेश वन निगम, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इस निविदा सूचना को उत्तर प्रदेश वन निगम की वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
14. तेन्दू पत्ता केता गण को डाक से।
15. कार्यालय सूचना पट।

(ए० पी० सिन्हा)
मुख्य वन संरक्षक/क्षेत्रीय प्रबन्धक